उमा कहउँ मैं अनुभव अपना । सत हरि भजनु जगत सब सपना ॥
निज अनुभव अब कहउँ खगेसा । बिनु हरि भजन न जाहिं कलेसा ॥
|| मानस हरि भजन || Ram Katha 948-*Thanjavur, Tamil Nadu, India || मोरारी बापू

सांध्य दैनिक

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 159 | इंदौर, मंगलवार 24 दिसंबर, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

# इस साल इंदौर को मिली पांच ब्रिजों की सौगात

## नए बस स्टैंड भी बनकर तैयार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। वर्ष 2024 अब बीत रहा है। नई साल इंदौर के विकास की नई राह लेकर आएगा, लेकिन वर्ष 2024 ने इंदौर की राह आसान की है। इंदौरवासियों को पांच ब्रिजों की सौगात मिली है। इसके अलावा दो नए बस स्टेशन भी बनकर तैयार हो चुके है। फिलहाल इंदौर में पांच नए ब्रिज भी बन रहे है, जो अगले साल तक पूरे हो जाएंगे।



### डबल डेकर ब्रिज करेगा सांवेर रोड की राह आसान

इंदौर से उज्जैन को जोड़ने वाले मार्ग के सबसे व्यस्त लवकुश चौराहे पर डबल डेकर ब्रिज बनाया जा रहा है। ब्रिज का एक हिस्सा खोला जा चुका है। सांवेर रोड पर जो ब्रिज तैयार हो रहा है। उसका निर्माण जारी है। वह अगले साल तक बन जाएगा। यह ब्रिज जमीन से 70 फीट ऊंचाई पर बन रहा है। दोनो ब्रिजों के निर्माण पर 100 करोड़ रुपये खर्च हो रहे है।

### हर क्षेत्र में एक ब्रिज तैयार

इंदौर विकास प्राधिकरण ने इंदौर के हर क्षेत्र में एक ब्रिज की सौगात दी। भंवरकुआ चौराहा, खजराना चौराहा, लवकुश चौराहा के अलावा खजराना चौराहा पर भी ब्रिज ट्रैफिक के लिए खोल दिया गया। इसके अलावा राऊ चौराहे का छह लेन ब्रिज भी ट्रैफिक के लिए खोल दिया गया। अब निरंजनपुर चौराहा, मुसाखेड़ी चौराहा और आईटी पार्क चौराहे पर ब्रिज बनाया जा रहा है। इसके अलावा राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण एमआर-10 जंक्शन पर ट्रिपल लेयर ब्रिज बना रहा है। यह भी अगले साल तैयार हो जाएगा।

**दो नए बस स्टैंड तैयार-** इंदौर विकास प्राधिकरण ने नायता मुंडला और कुमेंडी में नया बस स्टेशन तैयार किया है। एक बस स्टेशन से बसों का संचालन भी शुरू हो चुका है, जबकि कुमेंडी बस स्टेशन नए साल में शुरू हो जाएगा। इस स्टेशन पर एक हजार से ज्यादा बसों की आवाजाही की है। सिंहस्थ मेले के समय यह स्टेशन बड़ा मददगार साबित होगा,क्योकि यहां से उज्जैन की बसों का संचालन किया जाएगा।

## पीएम मोदी ने सीएम नीतीश कुमार को दिया यह उपहार, पटना विवि को बड़ी सौगात



**पटना**। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार लंबे समय पर पटना विश्वविद्यालय के लिए केंद्रीय विवि का दर्जा मांग रहे थे। वह मांग पूरी होते-होते इस बार भी रह गई, लेकिन केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने पटना विश्वविद्यालय को 100 करोड़ का पैकेज दिया है। बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने पहले पटना विवि को केंद्रीय विवि का दर्जा मिलने की जानकारी देते हुए इसे ऐतिहासिक बताया था, हालांकि फिर बाद में उन्होंने ही सोशल मीडिया पोस्ट में स्पष्ट किया कि पीएम उषा योजना के तहत 100 करोड़ की राशि दी गई है। इस संबंध में सम्राट चौधरी ने बताया कि पटना विश्विद्यालय को केंद्र सरकार की तरफ से बहुत बड़ी सौगात मिली है। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने पटना विश्विद्यालय को 100 करोड़ की राशि की स्वीकृति दी है। उच्च शिक्षा विभाग ने यह स्वीकृति पीएम उषा योजना के तहत दी है।

## वरुण धवन, एटली और कीर्ति सुरेश ने किए महाकाल के दर्शन, बोले- मांगने नहीं, प्रार्थना करने आए हैं



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन**। क्रिसमस से मौके पर अभिनेता वरुण धवन, अभिनेत्री कीर्ति सुरेश और वामिका गब्बी स्टारर फिल्म 'बेबी जॉन' कल से रिलीज होने वाली है। फिल्म की सफलता के लिए मंगलवार को वरुण धवन और अभिनेत्री कीर्ति सुरेश बाबा महाकाल की शरण में पहुंचे, जहां वे बाबा महाकाल की भक्ति में लीन नजर आए। भस्म आरती के दौरान उन्होंने बाबा महाकाल के निराकार से साकार स्वरूप के दर्शन किए और भस्म आरती के हर उस अनुभव को महसूस किया जो कि आत्मा को परमात्मा से मिलने का प्रयास करता है। श्री महाकालेश्वर मंदिर के सहायक प्रशासक मूलचंद जूनवाल ने बताया कि अभिनेता वरुण धवन और अभिनेत्री कीर्ति सुरेश श्री महाकालेश्वर भगवान की भस्मार्ती में सम्मिलित हुए। बाबा महाकाल की भस्म आरती के दौरान अभिनेता वरुण धवन और कीर्ति सुरेश दोनों ही परंपरागत वस्त्रों में नजर आए। इस दौरान जहां वरुण धवन कुर्ता पजामा पहन रखा था। वहीं, अभिनेत्री भी हरे रंग का सलवार सूट पहनकर भस्म आरती देखने पहुंची।

### टोल बैरियर की वसूली को हमने बंद किया- सीएम डॉ. मोहन यादव

# हम किसी भी हालत में किसी तरह के भी करप्शन को बर्दाश्त नहीं करेंगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल**। भोपाल में इनकम टैक्स, लोकायुक्त की छापेमारी को लेकर भोपाल से दिल्ली तक हंगामा मचा हुआ है। छापेमारी में 235 किलो चांदी, 52 किलो सोना, 8 करोड़ कैश मिल चुकी है। इसके तार आरटीओ के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा से जुड़ रहे हैं। इस बीच सीएम डॉ. मोहन यादव का बयान सामने आया है।

सीएम डॉ. मोहन यादव ने कहा-हम किसी भी हालत में किसी तरह के भी करप्शन को बर्दाशत नहीं करेंगे। इसमें जिस स्तर पर भी कार्रवाई करना है, लगातार हमारी सरकार द्वारा की जा रही है और करती रहेगी। सुशासन के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश और हमारे प्रदेश के साथ हम कदम से कदम मिलाकर सभी प्रकार के विकास के मामलों को लेकर लगातार चलते रहेंगे। सीएम ने कहा- हमारी सरकार ने गठन होने के साथ ही कठोर निर्णय लिए हैं। इसमें एक बड़ा निर्णय लिया गया था, सभी टोल बैरियर पर



जो वसूली चलती थी या टोल पर शिकायत थी, सबको हमारी सरकार ने बंद कर दिया। मोहन सरकार ने एक जुलाई से मप्र की अंतर्राज्यीय सीमाओं पर परिवहन जांच चौकियां (RTO चेक पोस्ट) बंद कर दी थी। नई व्यवस्था के तहत रोड सेफ्टी एंड इंफोर्समेंट चेकिंग पॉइंट बनाने की बात कही गई थी। पहले चरण में 45 चेक पॉइंट तैयार होने तक मोबाइल यूनिट गठित कर वाहनों की जांच करने की व्यवस्था शुरू की गई थी। प्रदेश में संचालित RTO चेक पोस्ट पर लगातार गड़बड़ी की शिकायतें मिल रही थी। जिसके बाद सरकार ने इन्हें बंद कर दिया था। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश के बाद परिवहन विभाग ने इसके आदेश जारी किए थे। ऑर्डर जारी होने के तुरंत बाद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सभी जिलों के कलेक्टर्स को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से इस नई व्यवस्था की जानकारी देकर इसका पालन कराने के लिए कहा था।

# इंदौर जिले में मोतियाबिंद से पीड़ित मरीजों के होंगे नि:शुल्क ऑपरेशन

## मरीजों के परीक्षण के लिए जनकल्याण शिविरों के साथ लगेंगे विशेष शिविर

◆ कलेक्टर श्री आशीष सिंह की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर जिले में जिला प्रशासन द्वारा सुशासन सप्ताह और जनकल्याण अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। इसके तहत जिले में मोतियाबिंद से पीड़ित मरीजों के निःशुल्क ऑपरेशन कराये जायेंगे। मरीजों के आँखों की जाँच के लिए जनकल्याण शिविरों के साथ विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे। शिविर आयोजन की तैयारियां प्रारंभ हो गई है।**

इन्हीं तैयारियों की समीक्षा के लिए



आज यहां कलेक्टर श्री आशीष सिंह की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बी.एस. सैत्या तथा नेत्र रोग से जुड़े हास्पिटलों के प्रतिनिधि मौजूद थे। बैठक में बताया गया जनकल्याण अभियान के तहत आयोजित शिविरों में मोतियाबिंद से पीड़ित मरीजों की आँखों की जाँच के लिए विशेष व्यवस्था की जाएगी। शिविर में चिन्हित मरीजों का विशेषज्ञ अस्पतालों में निःशुल्क ऑपरेशन कराया जाएगा। जनकल्याण अभियान के तहत जिले में 26 जनवरी तक ग्राम पंचायत तथा शहरी क्षेत्र में वार्डवार शिविर लगाये जा रहे है। जिले में लगभग 50 हजार मोतियाबिंद ऑपरेशन का लक्ष्य रखा गया है। बताया गया कि मरीजों की आँखों का परीक्षण और ऑपरेशन शहर के प्रतिष्ठित शंकरा नेत्रालय, चोईथराम नेत्र हास्पिटल, रेटिना हास्पिटल, अरविंदो हास्पिटल, इंडेक्स हास्पिटल, डॉ. पी.एस. अस्पताल, आई साइट हास्पिटल तथा निहार नेत्रालय द्वारा किये जाएंगे। कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने निर्देश दिए कि ऐसी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाये जिससे की मरीजों को किसी सभी तरह की परेशानी नहीं हो।

### 75 वर्ष पूर्ण होने पर स्काउट एवं गाइड का 6 दिवसीय शिविर 31 दिसम्बर से

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** भारत स्काउट एवं गाइड आन्दोलन के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में संभाग स्तरीय स्काउट एवं गाइड रैली एवं शिविर का आयोजन 31 दिसम्बर से 05 जनवरी 2025 तक महर्षि विद्या मंदिर राऊ इन्दौर में आयोजित होगा। स्काउट एवं गाइड द्वारा डायमंड सिल्वर जुबली वर्ष मनाया जाकर इस आयोजन में संभाग के 500 स्काउट गाइड विद्यार्थी, 150 से अधिक स्टाफ, शिक्षक एवं शिक्षिकाएं सम्मिलित होंगे। इस अवसर पर स्काउट गाइड अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताएं और गतिविधियों का आयोजन होगा। कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने उक्त शिविर के संबंध में तैयारियों एवं व्यवस्थाओं के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दायित्व सौंपे है।

## उन्मुक्त सोच ही क्रिएटिविटी का आधार है - प्रशान्त ठाकुर

### क्रिएटिव माइंड्स प्रतियोगिता में स्टूडेंट्स ने दिखाई अपनी प्रतिभा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** डिज़ाइन एवं एनिमेशन के क्रिएटिव छात्रों के लिए क्रिएटिव माइंड्स प्रतियोगिता का आयोजन एरीना एनिमेशन द्वारा किया गया। राष्ट्रीय स्तर के इस इंटर एरीना कांटेस्ट के मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ संस्करण में मध्य भारत के 1000 से अधिक छात्रों ने प्रतिस्पर्धा में भाग लेकर थ्री डी एनीमेशन, डिजाइनिंग , वीएफएक्स , गेमिंग, रील मेकिंग , वेबसाइट मेकिंग जैसी विधाओं में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।

एरीना एनिमेशन के राष्ट्रिय बिजऩेस प्रमुख तरुण नरूला ने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन शेरेटन ग्रैंड पैलेस में किया गया और इसमें एरीना एनिमेशन गीता भवन इंदौर के संजय खिमेसरा के साथ ही रविश जैन(भंवरकुआ), कार्तिक



यादव(ऑरबिंदो), शैलेश(रायपुर) के अलावा भोपाल, जबलपुर, भिलाई, बिलासपुर के फैकल्टी एवं छात्रों ने पार्टिसिपेट किया।

कार्यक्रम में व्हाइटफ्रेम टेक्नोलॉजीज के संस्थापक प्रशांत ठाकुर ने क्रिएटिव थिंकिंग और डिज़ाइन पर सत्र लिया। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि क्रिएटिव थिंकिंग करने के लिए आप बगैर किसी बंधन के सोचना शुरू करें और अपनी सोच इसकी लिमिट क्रॉस होने दे। उन्मुक्त सोच ही बेहतर क्रिएटिविटी का आधार है। इसाथ ही, एप्टेक लिमिटेड, मुंबई के प्रतिनिधियों ने छात्रों को प्रेरित करते हुए इंडस्ट्री के नवीनतम ट्रेंड्स पर चर्चा की और उन्हें सम्मानित किया।

प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने मिनिमलिस्ट मूवी पोस्टर डिज़ाइन, वीएफएक्स सीन, ब्रांड आइडेंटिटी, मोशन ग्राफिक वीडियो, 3ष्ठ सीजीआई विज्ञापन, गेमिंग एनवायरनमेंट और इंस्टाग्राम रील जैसी श्रेणियों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में छात्रों और पार्टनर्स की सक्रिय भागीदारी से यह आयोजन सफल रहा। इसके साथ ही, एरीना एनिमेशन ने मेरिट-आधारित युवा स्कॉलरशिप की घोषणा की, जिसमें छात्रों को फीस में 35 प्रतिशत तक की छूट मिलेगी।

# 56 भोग के दर्शन व अन्नकूट महोत्सव सम्पन्न हुआ, महिलाओं ने बढ़चढ़ कर लिया हिस्सा

### संस्था "आदित्य "के सचिन नीमा का भी हुआ स्वागत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। मेरी सहेली मित्र मंडल के तत्वावधान में विठल रूखमणी गार्डन में बाबा खाटू श्याम के 56 भोग अन्नकूट महोत्सव, श्रृंगार दर्शन, महा आरती, भजन संध्या एवम् सम्मान समारोह आयोजित किया गया।**

संस्थापिका डिंपल शर्मा एवम् अध्यक्षा पायल शर्मा ने बताया कि सनातन धर्म संस्कृति से सभी को जोड़े रखने के उद्दे्य से सभी त्योहार हम सभी मिलकर इसी तरह आयोजित करते हैं। कार्यक्रम में खाटू श्याम के भजनों के साथ भोजन प्रसाद का भी भक्तों ने आनंद लिया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि विधायक मधु वर्मा, गोलू शुक्ला, पूर्व राज्य मंत्री दर्जा पंडित योगेन्द्र महंत, राष्ट्रीय अध्यक्ष बलाई समाज मनोज परमार और भी अन्य कई गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति दर्ज रही। लगभग दो हजार पांच सौ भक्तो ने भोजन प्रसाद ग्रहण किया। संस्था की भारती शर्मा , पूर्णिमा शर्मा, गीता पवार, पुष्पा



**मेरी सहेली ग्रुप द्वारा संस्था 'आदित्य'क़े संयोजक सचिन नीमा, आशीष शर्मा व अन्य अतिथियों का सम्मान किया गया।**

पांडे, शिवानी पंडित, रीना तिवारी,ममता निगम, शकुंतला ओझा, पुनीता शर्मा, कुमकुम शर्मा विभूति व्यास, प्रीति खानवलकर, रंजना एक ता रे एवम् संयोजिका कल्पना पटवा, पूनम मिश्रा, प्रतिभा मिश्रा, प्रमिला शर्मा, सीमा उपाध्याय, लतिका चंद्राते,दीपिका शर्मा, श्वेता मानिक, अंजलि शर्मा, नेहा शर्मा, कुसुम पोद्दार, निर्मला शर्मा, साधना ओझा, सुमित्रा अरोरा, अनुराधा पवार, साधना गहलोत, सीमा दुबे, ज्योति दुआ, सुमित्रा शुक्ला, प्रतिभा दुबे एवम् अन्य कई मातृ शक्तियों ने मिलकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

# चेतक महोत्सव में इंदौर की विश्व सुंदरी बनी विजेता

### देशभर के घोड़े और घोड़ियां हुए थे शामिल



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** इंदौर केवल स्वच्छता में ही नंबर 1 पर नहीं है, बल्कि अन्य मामलों में भी इंदौर का डंका दूसरे राज्यों में बजता है। बात फिर भले ही पशुओं की क्यों न हो। अब इंदौर विश्व सुंदरी ने महाराष्ट के सारंगखेड़ा में आयोजित चेतक महोत्सव में प्रथम विजेता के रूप में जीत हासिल कर इंदौर का नाम रोशन किया है। इस महोत्सव में देशभर से घोड़े और घोडिय़ों को उनके मालिक लेकर आए थे। करीब चार सौ घोडे व घोड़ी शामिल हुए।

घोड़े-घोड़ी पालने के शौकिन शहर से सटे ग्राम पालाखेड़ी निवासी पवनसिंह चावड़ा और उनके पुत्र शुभमसिंह ने बताया कि उन्होंने पुष्कर के मेले से दस माह की घोड़ी खरीदी थी, जिसका नाम विश्व सुंदरी रखा गया। परिवार के सदस्य की तरह इसकी देखभाल और खिलाई-पिलाई पर विशेष ध्यान दिया जाता है। करीब 18 माह की विश्व सुंदरी काले रंग की है और हाइट लगभग 61 इंच से अधिक है, जिसने सारंगखेड़ा में आयोजित चेतक महोत्सव में भाग लिया। 15 दिनों तक चलने वाले इस महोत्सव में देशभर से घोड़े और घोडिय़ां लाई जाती है और इनके बीच विभिन्न स्पर्धाएं होती है।

### सबसे कठिन स्पर्धा में बनी विजेता

पवनसिंह चावड़ा के मुताबिक महोत्सव के दौराना सबसे कठिन स्पर्धा होती है मारवाड़ी। जिसमे 30 प्रतियोगियों को पछाड़ते हुए इस स्पर्धा में ही विश्व सुंदरी प्रथम विजेता बनी है। पुरस्कार के रूप में 1 लाख रुपए नकद, प्रशस्ति पत्र और शील्ड महोत्सव के आयोजकों की ओर से प्रदान की गई। मेले में 51 लाख रुपये कीमत भी लगी।

### गांव पहुंचने पर हुआ स्वागत

चेतक महोत्सव में विजेता बनी विश्व सुंदरी को विशेष चार पहिया वाहन में 600 किलोमीटर का सफर कर लाया गया। वाहन में एसी सहित अन्य सभी सुविधाएं थी। गांव पहुंचने पर विश्व सुंदरी का स्वागत ढोल -ताशों के बीच चावड़ा परिवार के साथ ग्रामीणों ने उत्साह से किया और विजयी जुलूस निकाला गया।

### रोज 3 लीटर दूध, 1 घंटे व्यायाम

विश्व सुंदरी की सेहत का चावड़ा परिवार विशेष ध्यान रखता है। वह रोज सुबह 3 लीटर दूध पीती है तो वहीं खाने में चना, चापड़ और वस्तुएं खिलाई जाती है। साथ ही हर रोज वह एक घंटे व्यायाम भी करती है। पशु चिकित्सकों द्वारा समय-समय पर उसका चेकअप किया जाता है।

### विशेष गाड़ी से किया सफर

विश्व सुंदरी को इंदौर से सारंगपुर आने - जाने का 600 किलोमीटर का सफर विशेष गाड़ी से किया। 6 लाख की लागत से बुल स्टोन गाड़ी बनवाई जसमे पंखा स्ह्लड्ड4 व आराम दायक सफर हो इसका विशेष ध्यान रखा गया। थार से गाड़ी को टोह किया।

पवन सिंह चावड़ा ने बताया कि दस माह की थी जब इसे पुष्कर से लाया गया था। 18 माह की हुई जब पहली बार महाराष्ट्र में रिंग के उतरी। 61 इंच हाइट व कलर ब्लेक , गर्दन पतली व मासूम चेहरा कान छोटे होने के कारण विश्व सुंदरी नाम पड़ा। ये बच्ची सप्ताश की पोती व शिवनाथ की बेटी है।

# सुशासन सप्ताह के दौरान अब तक शहर और गाँवों में लगाए गए 165 शिविर

**शिविरों में समस्याओं के निराकरण और शासकीय सुविधाओं/सेवाओं संबंधी 23 हजार से अधिक नागरिकों के आवेदन निराकृत कर किया गया लाभांवित**

## ◆ कलेक्टर श्री आशीष सिंह की अध्यक्षता में सुशासन सप्ताह की जिला स्तरीय कार्यशाला सम्पन्न



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। शासन द्वारा दिए गए निर्देशानुसार इंदौर जिले में सुशासन सप्ताह मनाया जा रहा है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान का भी प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। जिले में सुशासन सप्ताह के दौरान 165 शिविर आयोजित किए गए। इसमें कुल 23 से अधिक नागरिकों के आवेदन निराकृत कर लाभान्वित किया गया। जिले में सुशासन सप्ताह 24 दिसम्बर तक आयोजित किया जाएगा। इस सप्ताह के तहत आज कलेक्टर कार्यालय में कलेक्टर श्री आशीष सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में नगर निगम आयुक्त श्री शिवम वर्मा, स्मार्ट सिटी के सीईओ श्री दिव्यांक सिंह, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सिद्धार्थ जैन, अपर कलेक्टर श्री गौरव बेनल, श्रीमती ज्योति शर्मा, श्री रोशन राय, श्रीमती निशा डामोर सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे। इस अवसर पर कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने कहा कि यह शासन का महत्वपूर्ण प्रकल्प है। सुशासन सप्ताह के दौरान नागरिकों की अधिक से अधिक समस्याओं का गंभीरता के साथ निराकरण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही चिन्हित शासकीय योजनाओं, सुविधाओं और सेवाओं का लाभ भी अधिक से अधिक लोगों तक पहुँचाया जाए। उन्होंने अधिक से अधिक शिविर आयोजित करने के निर्देश भी दिए। इस मौके पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सिद्धार्थ जैन ने अधिकारियों को सुशासन सप्ताह आयोजन के उद्देश्यों के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर बताया गया कि शासन के निर्देश के अनुसार सुशासन सप्ताह 19 दिसम्बर से प्रारंभ किया गया है। इस सप्ताह के दौरान जन समस्याओं का प्राथमिकता से निराकरण किया जा रहा है। इस दौरान सीएम हेल्पलाइन, सीपी ग्राम, जनसुनवाई आदि पोर्टल में दर्ज शिकायतों का समय-सीमा में निराकरण किया जा रहा है। इसके तहत 7 हजार 604 जनसमस्याओं का निराकरण सुनिश्चित किया गया है। साथ ही चिह्नित योजनाओं, सुविधाओं और सेवाओं संबंधी 15 हजार 432 आवेदन निराकृत किए गए है। सप्ताह के दौरान जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों में संपर्क दल बनाकर विभिन्न योजनाओं और सेवाओं में लाभ से वंचित हितग्राहियों का चिन्हांकन कर उन्हें लाभान्वित किया जा रहा है। अधिकारियों का यह दल ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायतवार तथा नगरीय क्षेत्रों में वार्डवार शिविर आयोजित कर रहे हैं। इनकी निगरानी के लिए सेक्टर अधिकारी नियुक्त किए गए है। शिविरों के सफल संचालन के लिए संबंधित क्षेत्र के एसडीएम को नोडल अधिकारी बनाया गया है।

### टीएल बैठक सम्पन्न

कलेक्टर श्री आशीष सिंह की अध्यक्षता में आज यहां समय-सीमा के पत्रों के निराकरण संबंधी बैठक सम्पन्न हुई। इस बैठक में नगर निगम आयुक्त श्री शिवम वर्मा, स्मार्ट सिटी के सीईओ श्री दिव्यांक सिंह, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सिद्धार्थ जैन, अपर कलेक्टर श्री गौरव बेनल, श्रीमती ज्योति शर्मा, श्री रोशन राय, श्रीमती निशा डामोर सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी शामिल हुए। बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने जनकल्याण अभियान की प्रगति की समीक्षा की। बताया गया कि यह अभियान आगामी 26 जनवरी तक चलेगा। जनकल्याण अभियान में आमजन से जुड़ी चिह्नित शासकीय सेवाओं का लाभ नागरिकों तक सीधा पहुँचाया जा रहा है। साथ ही चिह्नित हितग्राही मूलक योजनाओं के तहत भी नागरिकों के प्रकरण तैयार किये जा रहे है। कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने सभी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि यह अभियान राज्य शासन का अतिमहत्वपूर्ण अभियान है, इस अभियान को पूर्ण गंभीरता से लिया जाए। अधिक से अधिक नागरिकों को इस अभियान का लाभ देंवे। अभियान के क्रियान्वयन में किसी भी तरह की कोताही नहीं बरती जाये। उन्होंने अभियान के तहत सीएम हेल्पलाइन के अधिक से अधिक प्रकरणों को भी समय-सीमा में निराकृत करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में उन्होंने निर्देश दिए कि 50 दिन से अधिक के लंबित शिकायतों के निराकरण पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने शासकीय जमीनों का डाटाबेस तैयार करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने 70 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बनाने के कार्य को गति देने हेतु निर्देशित किया। साथ ही कहा कि कार्ड बनाने के कार्य में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और आशा कार्यकर्ताओं का भी सक्रिय सहयोग लिया जाए, इसके लिए उन्होंने आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और आशा कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करने के निर्देश भी दिए।

# बांग्लादेश पर क्यों चुप है मोदी सरकार, सुप्रिया श्रीनेत ने इंदौर में भाजपा को घेरा



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। बाबा साहेब आंबेडकर पर भाजपा सिर्फ राजनीति कर रही है और देश के लोगों को गुमराह कर रही है। संसद में कांग्रेस ने बाबा साहेब पर दिए गृहमंत्री के बयान को लेकर माफी मांगने के लिए कहा। इस पर हंगामा हुआ और उल्टा कांग्रेस पर ही धक्कामुक्की का आरोप लगा दिया गया। सच क्या है यह सबको पता है। हम चिल्लाचिल्ला कर कह रहे हैं कि सीसीटीवी फुटेज जारी करो तो जारी क्यों नहीं किए जा रहे हैं। हंगामे के दिन क्या हुआ इसका एक एक दृश्य रिकार्ड में है। यह बातें कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने इंदौर में पत्रकारों से चर्चा के दौरान कही।

### बांग्लादेश पर क्यों नहीं बोलते पीएम

उन्होंने कहा कि भाजपा बांग्लादेश पर चुप क्यों है। मोदी सरकार ने हिंदुओं पर हो रहे हमलों को लेकर अभी तक क्या एक्शन लिया यह क्यों नहीं बता रही है। फिलिस्तीन को भाजपा की सरकार मदद भेजती है और प्रियंका गांधी के बैग पर हंगामा करती है।

### वीडियो डिलिट करवा रही भाजपा

सुप्रिया ने कहा कि आंबेडकर के लिए कांग्रेस के नेता मार भी खा सकते हैं और जेल भी जा सकते हैं। गृहमंत्री ने आंबेडकर का किस तरह से अपमान किया इसे पूरे देश ने देखा। अब भाजपा सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर अमित शाह के वीडियो को डिलिट करवाने का दबाव बना रही है।

# यशलोक हॉस्पिटल का रजिस्ट्रेशन निरस्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **जिला प्रशासन ने 2335 सेक्टर-ई सुदामा नगर स्थित यशलोक हॉस्पिटल में अनियमितता पाए जाने पर उसका रजिस्ट्रेशन निरस्त कर दिया है। कुछ समय पहले हॉस्पिटल के डॉक्टर और स्टाफ की लापरवाही के कारण महिला की मौत हो जाने की शिकायत मिली थी।**

कलेक्टर आशीष सिंह शिकायत पर सीएमएचओ डॉ. बीएस सैत्या को टीम गठित कर जांच के निर्देश दिए थे। जांच में पाया कि यशलोक हॉस्पिटल द्वारा मेटरनिटी और लेबर रूम की पात्रता न होने पर भी हॉस्पिटल में ये सेवाएं दी जा रहीं थी। निरीक्षण के दौरान भी हॉस्पिटल में मध्य प्रदेश नर्सिंग होम अधिनियम के अनुरूप रिकॉर्ड मेंटेन करना नहीं पाया गया, न ही इस प्रकार के ऑपरेशन के लिए हॉस्पिटल उपयुक्त पाया है। जांच के दौरान स्टाफ के सत्येंद्र सिकरवार और भावना शर्मा ने जांच समिति को बताया कि यशलोक हॉस्पिटल को डॉ. अक्षत लाहोटी से किराए पर लेकर संचालित किया जा रहा है। साथ ही वे बीईएमस योग्यताधारी होकर अपने नाम के आगे डॉक्टर नाम का उपयोग कर रहे थे। यह कि मध्य प्रदेश चिकित्सा शिक्षा संस्थान (नियंत्रण) अधिनियम 1973 की धारा 7-ग का उल्लंघन है। इस धारा का उल्लंघन करने पर सत्येंद्र सिकरवार और भावना शर्मा को कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर एक हफ्ते में जवाब मांगा है। उपचार करने वाली स्त्री रोग विशेषज्ञ व एनीस्थिशिया एक्सपर्ट को भविष्य में और अधिक सतर्कता बरतने की चेतावनी दी है। प्रशासन द्वारा मध्य प्रदेश उपचर्या और रुजोपचार संबंधित स्थापना अधिनियम 1973 के नियम 14, 16 और 17 के उल्लंघन का दोषी पाए जाने के फलस्वरूप अधिनियम 1973 की धारा 6 (1) के तहत रजिस्ट्रेश निरस्ती का पत्र जारी कर तत्काल अस्पताल को बंद करने की कार्यवाही की गई ।

# धार्मिक नगरी का हवाला देकर मंदसौर में बूचड़खाने की अनुमति नहीं दी, हाईकोर्ट ने आपत्ति को किया खारिज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। इंदौर हाईकोर्ट ने मंदसौर में एक व्यक्ति द्वारा मवेशी के लिए वधशाला खोलने के लिए मांगी गई अनापत्ति प्रमाण-पत्र (एनओसी) जारी करने का निर्देश नगर निगम के एक अधिकारी को दिया है। नगर निगम ने मंदसौर को धार्मिक नगरी का हवाला देकर एनओसी नहीं दी थी। कोर्ट ने इस आपत्ति को पूरी तरह से अस्वीकार्य बताया।

कसाई के अनापत्ति प्रमाण-पत्र (एनओसी) के लिए आवेदन को खारिज करने के लिए स्थानीय निकाय का तर्क यह था कि मंदसौर एक धार्मिक शहर है और इसलिए यहां वधशाला खोलने की अनुमति नहीं दी जा सकती।

उच्च न्यायालय की इंदौर पीठ ने कहा, 'रिटर्न में जो कारण दिया गया है कि मंदसौर एक धार्मिक शहर है, इसलिए यहां वधशाला खोलने की अनुमति नहीं दी जा सकती, वह पूरी तरह से अस्वीकार्य है। उच्च न्यायालय ने इस प्रकरण में कहा कि राज्य सरकार ने मंदसौर में केवल 100 मीटर के दायरे में एक स्थान को ही 'पवित्र क्षेत्र' घोषित किया है, इसलिए पूरे शहर को 'पवित्र क्षेत्र' नहीं माना जा सकता।

हाईकोर्ट ने यह टिप्पणी पेशे से कसाई मंदसौर निवासी साबिर हुसैन की याचिका स्वीकार करते हुए की। हुसैन ने भैंस के मांस के कारोबार के लिए बूचड़खाना खोलने के लिए मंदसौर नगर पालिका से एनओसी प्राप्त करने के लिए 2020 में आवेदन दिया था, लेकिन मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने उसे खारिज कर दिया और कहा कि मंदसौर को राज्य सरकार ने 'पवित्र शहर' घोषित किया है। अनापत्ति प्रमाण पत्र नहीं दिया जा सकता। हुसैन ने सीएमओ के समक्ष अपने आवेदन में कहा कि वह मंदसौर में जिस स्थान पर बूचड़खाना खोलना चाहते हैं, वह 'पवित्र क्षेत्र' से बहुत दूर है। कोर्ट के समक्ष सुनवाई के दौरान पवित्र क्षेत्र घोषित करने की अधिसूचना भी प्रस्तुत की गई। सरकार ने 9 दिसंबर, 2011 को जारी एक अधिसूचना में मंदसौर में पशुपतिनाथ मंदिर के 100 मीटर के दायरे को 'पवित्र क्षेत्र' घोषित किया था। अधिसूचित क्षेत्र में पशु वध, अंडे, मांस, मछली और शराब की खरीद और बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। कोर्ट ने माना कि अधिसूचना 100 मीटर क्षेत्र के लिए है। पूरे शहर को पवित्र क्षेत्र नहीं माना जा सकता है।दोनों पक्षों को सुनने के बाद कोर्ट ने सीएमओ को बूचड़खाना खोलने के लिए एनओसी जारी करने का निर्देश दिए, कोर्ट ने यह भी कहा कि याचिकाकर्ता को जल और वायु प्रदूषण रोकने के लिए बनाए गए नियमों के पालन के तहत ही अनुमति दी जा सकती है।

# लोकायुक्त ने सौरभ शर्मा समेत सहयोगियों को जारी किए समन

## ED ने केस दर्ज किया तो DRI ने भी शुरू की जांच

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। मध्य प्रदेश परिवहन विभाग के पूर्व सिपाही सौरभ शर्मा पर जांच एजेंसियों का शिकंजा बढ़ता जा रहा है। लोकायुक्त ने सौरभ शर्मा, उसकी पत्नी, मां और दोस्तों को समन जारी किए हैं। वहीं, इस मामले के लिए तीन सदस्यीय समिति गठित की गई है। इसके अलावा प्रवर्तन निदेशालय ने भी मामले में केस दर्ज कर लिया है। करोड़ों रुपए का सोना मिलने की जांच डायरेक्टरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस (डीआरआई) ने भी शुरू कर दी है।**



मध्य प्रदेश के परिवहन विभाग के पूर्व कर्मचारी सौरभ शर्मा के खिलाफ लोकायुक्त ने बड़ी कार्रवाई शुरू की है। लोकायुक्त ने सौरभ शर्मा, उसकी पत्नी, मां और दोस्तों शरद जायसवाल और चेतन सिंह के खिलाफ समन जारी कर दिए हैं। इस मामले की जांच के लिए तीन सदस्यीय कमेटी गठित की गई है, जिसमें डीएसपी वीरेंद्र सिंह, इंस्पेक्टर और सब इंस्पेक्टर शामिल हैं। जांच में हवाला एंगल को भी शामिल किया गया है और आरोपियों के बैंक खातों की भी जांच की जाएगी। लोकायुक्त ने इस मामले में सौरभ शर्मा के घर से मिली करोड़ों रुपये की संपत्ति के दस्तावेजों को भी खंगाला है। इसके अलावा, इनोवा कार में मिली सोने की बिस्किटों और नकद के बारे में भी जानकारी जुटाने के लिए लोकायुक्त आईटी विभाग को चिट्ठी लिखेगा।

### ईडी ने मनी लांड्रिंग एक्ट में केस दर्ज किया

सौरभ शर्मा के घर से करोड़ों रुपये की संपत्ति और कार से सोने की बिस्किटें और नकदी मिलने के बाद प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने भी मामले में अपनी जांच शुरू कर दी है। ईडी ने सौरभ शर्मा और उसके सहयोगी चेतन सिंह गौर के खिलाफ मनी लांड्रिंग एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। ईडी के अधिकारियों ने इस दिशा में अपनी जांच शुरू की है कि ये संपत्ति कहां से और कैसे अर्जित की गई, और क्या दूसरे देशों से पैसे का गलत तरीके से लेनदेन हुआ है। वहीं, इसके अलावा डायरेक्टोरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस (डीआरआई) भी सोने की जांच कर रहा है। एजेंसी सोना कहां से आया है इसका पता लगाएगी। इसके लिए संबंधितों से पूछताछ की जाएगी।

### 7 करोड़ 98 लाख रुपए से अधिक की चल संपत्ति जब्त

लोकायुक्त ने सौरभ शर्मा और उसके सहयोगी चेतन गौर के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है, और इस मामले में 7 करोड़ 98 लाख रुपये से अधिक की चल संपत्ति जब्त की है। लोकायुक्त के डायरेक्टर जनरल जयदीप प्रसाद ने कहा कि बरामद किए गए सोने और चांदी के जेवरातों को जब्त किया गया है और मामले की जांच की जा रही है। वहीं, उन्होंने बताया कि आरोपी सौरभ शर्मा के पिता डॉ. आरके शर्मा शासकीय चिकित्सक थे। उनका 2015 में निधन होने पर सौरभ शर्मा को आरक्षक के पद पर परिवहन विभाग में अनुकंपा नियुक्ति दी गई थी। सेवाकाल के दौरान आरक्षक विभिन्न चेक पोस्टों पर पदस्थ रहा। आरोपी सौरभ शर्मा ने जून 2023 में स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ले ली। उन्होंने बताया कि भ्रष्टाचार से अर्जित आय को सौरभ शर्मा ने अपनी पत्नी, मां, साली और निकट सहयोगियों चेतन सिंह गौड़, शरद जायसवाल आदि के नाम पर बेनामी अचल संपत्ति क्रय करने, होटल संचालित करने तथा भोपाल में जयपुरिया स्कूल श्रृंखला संचालित करने आदि में व्यय किया गया। साथ ही और दस्तावेज और रजिस्ट्रियां मिली हैं उनकी जांच की जाएगी।

### सौरभ शर्मा एजेंसियों की पकड़ से दूर

मुख्य आरोपी सौरभ शर्मा अभी भी एजेंसियों की पकड़ से बाहर है और उसकी अब तलाश शुरू कर दी गई है। लोकायुक्त ने बताया कि सौरभ शर्मा अपने दोस्त चेतन की गाड़ी का इस्तेमाल करता था और इस गाड़ी के जरिए कई महत्वपूर्ण दस्तावेज और संपत्ति का पता चला है। हालांकि, लोकल पुलिस ने इस बारे में जानकारी लोकायुक्त को नहीं दी है। लोकायुक्त पुलिस ने ईडी से जब्त संपत्ति और दस्तावेजों की जानकारी साझा करने की योजना बनाई है। इस मामले की जांच से कई नए खुलासे होने की संभावना है, और लोकायुक्त पुलिस के अधिकारियों ने इस मामले की गहरी छानबीन करने का वादा किया है।

## सपने में आई भाभी तो देवर ने खोद दी कब्र



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सीधी।** भाभी की मौत के उन्तालीस दिन बाद उसके सगे देवर ने कब्र खोद दिया। पुलिस ने आरोपित को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। पूछताछ में आरोपित ने कहा कि अल्लाह के आदेश पर ऐसा किया है। जिसकी शिकायत पति ने सिटी कोतवाली पुलिस में दर्ज कराया है। घटना सिटी कोतवाली अंतर्गत थनहवा टोला की है। पुलिस ने मामला पंजीबद्ध कर जांच में जुटी है। आरोपित के बड़े भाई अमानत खान ने बताया कि 39 दिन पहले मेरी पत्नी की सामान्य बीमारी के कारण मौत हो गई थी। मुस्लिम रीति रिवाज से दफनाया गया था। 39 दिन बाद भाई अरमान खान कब्र को खोद दिया। ऐसे में मेरी पत्नी का अपमान हुआ है। तंत्र मंत्र के चक्कर में उसने ऐसा किया है। आरोपित अरमान खान ने पुलिस को पूछताछ के दौरान बताया कि अल्लाह के आदेश के बाद सोमवार सुबह कब्र खोदने गया था। मेरा तंत्र-मंत्र से कोई लेना-देना नहीं है।

### पुल निर्माण के दौरान बड़ा हादसा

## स्लैब गिरने से 3 मजदूरों की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सीहोर।** सीहोर जिले के बुधनी में सोमवार मिट्टी में दबने से तीन मजदूरों की मौत हो गई। एक को रेस्क्यू टीम ने सुरक्षित निकालकर अस्पताल पहुंचाया है। घटना जिला मुख्यालय से 125 किमी दूर शाहगंज थाना क्षेत्र के सियागहन गांव की है। शाहगंज थाना प्रभारी पंकज वाडेकर ने बताया कि सियागहन गांव में एक पुल का निर्माण कार्य चल रहा है। सोमवार दोपहर करीब साढ़े तीन बजे चार मजदूर निर्माण के लिए दूसरी पुलिया के पास से मिट्टी खोद रहे थे, जहां अचानक मिट्टी धंस गई, चारों उसमें दब गए। लोगों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस और प्रशासन को दी। रेस्क्यू टीम ने मौके पर पहुंचकर एक मजदूर को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। तीन मजदूरों को वक्त रहते



निकालने के लिए काफी प्रयास किए गए, लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका। बुधनी एसडीओपी शशांक गुर्जर ने बताया कि यहां राजलक्ष्मी कंस्ट्रक्शन पुलिया का निर्माण कार्य करा रहा है। ये पुलिया सियागहन और मंगरोल गांव को जोड़ती है। पुलिया की रिटेनिंग वॉल बनाते समय पहले से बनी रोड की रिटेनिंग वॉल का स्लैब धंस गया। मिट्टी में 4 लोग दब गए थे। एसडीओपी ने बताया कि सूचना मिलने पर तत्काल पुलिस मौके पर पहुंची। वीरेंद्र को निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया। जबकि तीन की मौत हो गई। प्रारंभिक पड़ताल में सामने आया है कि पुल निर्माण में काम कर रहे मजदूरों को जरूरी सुरक्षा उपकरण उपलब्ध नहीं कराए गए थे। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की है, जिसकी भी लापरवाही जांच में सामने आएगी, उनके खिलाफ प्रकरण दर्ज किया जाएगा।

### हादसे में इनकी मौत

करण (18) पिता घनश्याम, निवासी ग्राम धनवास मुरवास लटेरी, विदिशा, रामकृष्ण उर्फ रामू (32) पिता मांगीलाल गौड, निवासी ग्राम धनवास मुरवास लटेरी विदिशा, भगवान लाल पिता बरसादी गौड़, निवासी ग्राम बेरखेड़ी, धरनावदा, गुना।

## बेस्ट ऑफ फाइव योजना एमपी बोर्ड में फिर लागू




@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** एमपी बोर्ड की बेस्ट ऑफ फाइव योजना को फिर से लागू कर दिया गया है। इसके तहत 10वीं बोर्ड के छह प्रश्नपत्रों में से पांच में पास होने वाले परीक्षार्थी पास माने जाएंगे। अप्रैल 2024 में स्कूल शिक्षा विभाग ने एक अधिसूचना जारी कर इसे रद्द कर दिया था। यह योजना छात्रों को 10वीं बोर्ड परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन और सफलता की अधिक संभावना प्रदान करने के लिए लागू की गई है। इसके तहत, यदि छात्र छह अनिवार्य प्रश्नपत्रों में से किसी पांच में पास हो जाता है, तो उसे पास माना जाएगा। यह नियम परीक्षा के तनाव को कम करने और छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य को ध्यान में रखकर बनाया गया है।

## मंडल अध्यक्ष बनने बताई कम उम्र

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में बीजेपी के संगठन चुनाव चल रहे हैं। 1 से 15 दिसंबर तक 1300 मंडलों में अध्यक्ष और जिला प्रतिनिधि चुने जाने थे। बीजेपी के संगठनात्मक रूप से मध्यप्रदेश में 60 जिले हैं, इनमें मंडल अध्यक्षों के चुनाव को लेकर चुनाव समिति के पास करीब 100 शिकायतें पहुंची हैं। अपीलीय समिति ने इन शिकायतों की छानबीन कर ली है। सोमवार को शिकायतों पर फैसला हो सकता है। शिकायतों के मुताबिक, डेढ़ दर्जन ऐसे मंडल हैं, जहां पर अध्यक्ष बनने के लिए पदाधिकारियों ने खुद की उम्र घटाकर बताई है। इसके बाद 18 मंडलों के आधिकारिक तौर पर चुनाव ही निरस्त कर दिए गए हैं। इनमें सबसे ज्यादा सिवनी से हैं। बीजेपी ने मंडल अध्यक्षों के लिए 45 साल से कम उम्र का क्राइटेरिया तय किया था।

## पोकलेन मशीन का पंजा गिरने से युवक का पैर कटा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**छतरपुर।** छतरपुर में निर्माणाधीन पुल पर पोकलेन मशीन का पंजा गिरने से युवक का पैर कटकर अलग हो गया। पहले उसे बक्सवाहा के अस्पताल भेजा गया। यहां से गंभीर हालत में उसे सागर रेफर कर दिया गया। युवक के कटे पैर को भी एंबुलेंस से ले जाया गया। घटना सोमवार सुबह 11 बजे सागर-छतरपुर नेशनल हाईवे की है। घटना से नाराज युवक के परिजन ने चक्काजाम कर दिया। वे सड़क पर बैठकर प्रदर्शन करने लगे। वे मुआवजे और आरोपियों पर कार्रवाई की मांग कर रहे थे। इस दौरान हाईवे के दोनों ओर 5-5 किमी तक वाहनों की लंबी कतारें लग गई। बिजावर एसडीएम विजय द्विवेदी ने घायल के परिजन को समझाइश दी। 3 घंटे बाद दोपहर 2:00 बजे जाम खोला जा सका।

## संपादकीय

# बरसात के बावजूद AQI 400 के पार

राजधानी दिल्ली में बारिश की रिमझिम फुहारों के बाद लगा था कि खतरनारक हो रहे पल्यूशन को कम करने में मदद मिलेगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। बरसात के बावजूद AQI 400 के पार ही रहा। हल्की बारिश और शांत हवाओं ने प्रदूषण को और बढ़ा दिया। इस महीने अब तक छह दिन 'गंभीर' श्रेणी में AQI दर्ज किया जा चुका है। मौसम विभाग के अनुसार, मंगलवार से गुरुवार तक हवा की गुणवत्ता 'बेहद खराब' रहने की संभावना है। 27 और 28 दिसंबर को हल्की से मध्यम बारिश के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। दिल्ली में ठंड भी बढ़ गई है, जिससे लोगों को दोहरी मार झेलनी पड़ रही है। दिल्ली में सोमवार को हवा की गुणवत्ता लगातार दूसरे दिन 'गंभीर' श्रेणी में बनी रही। AQI 400 से ऊपर रहा। शहर के कई हिस्सों में बहुत हल्की बारिश हुई। लेकिन तेज बारिश न होने के कारण,जहरीली हवा से कोई राहत नहीं मिली। औसत AQI 406 दर्ज किया गया। स्काईमेट मेट्रोलॉजी के उपाध्यक्ष महेश पलावत ने कहा कि जब क्षेत्र में तेज बारिश होती है या व्यापक बारिश होती है,तो यह प्रदूषकों को हटा देती है और हवा की गुणवत्ता को साफ करती है। हालांकि,शहर में बहुत हल्की बारिश हुई,जिससे नमी और धुंध बढ़ गई और प्रदूषक फंस गए। उन्होंने कहा कि हवाएं भी शांत थीं,जिससे प्रदूषकों (Pollutants) के फैलाव में मदद नहीं मिली। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (IMD) के अनुसार, पालम में सुबह 8:30 बजे तक 0.4 मिमी बारिश दर्ज की गई। हालांकि,शहर के बेस स्टेशन सफदरजंग में सुबह 8:30 बजे से शाम 5:30 बजे तक 0.2 मिमी बारिश हुई,जबकि लोधी रोड और आयानगर में क्रमश: 0.3 और 0.2 मिमी बारिश हुई।

### अर्ज़ किया है..!

*मिरा ख़याल नहीं है तो*
*और क्या होगा*
*गुज़र गया तिरे माथे से*
*जो शिकन की तरह*

*- कमाल अहमद सिद्दीक़ी*



**बच्चे आपकी बात नहीं सुनते। वो आप पर ध्यान देते हैं। यह सुनिश्चित करें कि आपके होने का तरीका उनके लिए एक प्रेरणा हो।**

**- जग्गी वासुदेव**

## Health is Welth

# वेट लॉस से लेकर आयरन की कमी दूर करता है बथुआ

## मिलते हैं ये हेल्थ बेनिफिट्स

सर्दियों का मौसम आते ही बाजार में कई तरह की हरी पत्तेदार सब्जियां भी आनी शुरू हो जाती हैं। इन सब्जियों को खाने से सेहत को कई तरह के फायदे मिलते हैं। ऐसी ही एक सब्जी का नाम बथुआ है। बथुआ में कैल्शियम, लोहा, मैग्नीशियम, मैगनीज, फास्फोरस, पोटाशियम, सोडियम व जिंक जैसे मिनरल्स के साथ विटामिन ए, सी, और बी भरपूर मात्रा में मौजूद होते हैं। जो सेहत को कई गजब के फायदे देते हैं। सर्दियों में इसका नियमित सेवन इम्यूनिटी को बूस्ट करके आपको जल्दी-जल्दी बीमार पड़ने से बचाता है। सेहत के लिए इसके फायदों को देखते हुए आयुर्वेद में तो बथुआ को वरदान माना गया है। आइए जानते हैं बथुआ के नियमित सेवन से सेहत को मिलते हैं क्या फायदे।



## बथुआ का सेवन सेहत को देता है ये फायदे

### ◆ वेट लॉस

अगर आप बढ़ते वजन से परेशान हैं तो अपनी डाइट में बथुआ का साग शामिल कीजिए। बता दें, बथुआ लो कैलोरी फूड है। इसके अलावा इसमें मौजूद फाइबर की पर्याप्त मात्रा पेट को लंबे समय तक भरा हुआ रखती है, जिससे व्यक्ति ओवरईटिंग करने से बच जाता है। जो वेट लॉस में मदद करता है।

### ◆ कब्ज

जो लोग पाचन से जुड़ी समस्याओं से परेशान रहते हैं, उन्हें भी अपनी डाइट में बथुआ का साग शामिल करना चाहिए। बथुआ में फाइबर और पानी की अधिक मात्रा पाचन तंत्र को स्वस्थ बनाए रखने में मदद करती है। जिससे पेट साफ रहता है और कब्ज की समस्या में राहत मिलती है।

### ◆ डायबिटीज में फायदेमंद

बथुआ का साग डायबिटीज रोगियों को भी फायदा पहुंचाता है। इसके नियमित सेवन से ब्लड शुगर का स्तर कंट्रोल रहता है। बता दें, बथुए में एंटी-डायबिटिक गुण मौजूद होते हैं, जो शरीर में ब्लड शुगर के बढ़े हुए स्तर को नियंत्रित करने में मदद करते हैं।

### ◆ बूस्ट करे इम्यून सिस्टम

बथुआ खाने से इम्यून सिस्टम बूस्ट होता है। इसमें विटामिन ए, सी, और बी के अलावा अमीनो एसिड, फाइबर और कई पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो रोग प्रतिरोधक क्षमता को अच्छा बनाए रखने में मदद करते हैं। जिससे व्यक्ति जल्दी-जल्दी बीमार होने से बचा रहता है।

### ◆ आयरन की कमी

बथुआ में आयरन और फोलिक एसिड पर्याप्त मात्रा में मौजूद होता है। जो शरीर में हीमोग्लोबिन की कमी को दूर करने में मदद करता है। महिलाओं के लिए तो खासतौर पर बथुआ का सेवन बेहद फायदेमंद माना गया है। यह महिलाओं के मासिक धर्म की अनियमितता में भी आराम पहुंचाने में मदद कर सकता है।

## Uttarpradesh

# बैंक लॉकर लूटने वालों का एनकाउंटर, पहला लखनऊ और दूसरा गाजीपुर में मारा गया

**लखनऊ, (एजेंसी)** लखनऊ में इंडियन ओवरसीज बैंक (IOB) के लॉकर तोड़कर करोड़ों की लूट करने करने वाले गैंग के दूसरे बदमाश और 25 हजार के इनामी सन्नी दयाल को भी पुलिस ने एनकाउंटर में ढेर कर दिया है. ये मुठभेड़ सोमवार की देर रात गाजीपुर में यूपी-बिहार बॉर्डर पर हुई थी. इससे पहले पुलिस की लखनऊ के किसान पथ पर सोबिंद कुमार से मुठभेड़ हुई थी, जिसमें वो मारा गया.

जानकारी के मुताबिक, सन्नी दयाल गाजीपुर में बिहार बॉर्डर पर हुई मुठभेड़ में मारा गया. ये मुठभेड़ गहमर थाना क्षेत्र की बारा पुलिस चौकी के पास हुई थी. बैंक लूट में शामिल सन्नी दयाल की मौत की पुष्टि गाजीपुर के एसपी



इरज राजा ने की है. इंडियन ओवरसीज बैंक के लॉकर तोड़कर चोरी करने के मामले में अबतक दो बदमाश ढेर हो चुके हैं, तीन बदमाश गिरफ्तार किए जा चुके हैं जबकि दो अभी भी फरार हैं. मिथुन कुमार (28) और विपिन कुमार को पकड़ने के लिए पुलिस लगातार दबिश दे रही है. इससे पहले सोमवार को दिन में लखनऊ पुलिस ने इंडियन ओवरसीज बैंक की चिनहट ब्रांच में हुई चोरी के 24 घंटे के भीतर मुठभेड़ के बाद बिहार के एक गिरोह के 3 सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया था. दूसरी कार में सवार 4 अन्य आरोपी मौके से भागने में कामयाब हो गए थे. इन्हीं भागने वालों में से सोबिंद कुमार और सन्नी दयाल शामिल थे. इसके अलावा जो पकड़े गए थे उनकी पहचान अरविंद कुमार, बलराम कुमार और कैलाश बिंद के रूप में हुई है.

## Jharkhand

### एक लाख के लिए बेटी को परोसा, दरिंदे के घर खुद नाबालिग को छोड़ने गया बाप



**साहिबगंज, (एजेंसी)** झारखंड के साहिबगंज में एक लाख रुपए के लालच में नाबालिग बेटी का सौदा कर दूसरे व्यक्ति से रेप कराने के आरोप में पिता समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। नाबालिग के बयान पर नगर थाने में केस दर्ज किया गया। नाबालिग के पड़ोस की महिला व मुहल्ले के लोगों से पुलिस को घटना की जानकारी मिली।

पूछताछ में किशोरी ने बताया कि उसके पिता 19 दिसंबर की रात उसे और उसकी बहन को कटिहार के एक व्यक्ति के स्थानीय गर्ल्स हाईस्कूल स्थित किराए के घर में ले गया। कुछ देर रुकने के बाद पिता छोटी बहन को लेकर निकल गया। उक्त व्यक्ति ने उससे दुष्कर्म किया और बोला कि हल्ला करोगी तो पीटेंगे। वह रातभर जगी रही और सुबह अकेली घर आ गई। डर से किसी को कुछ नहीं बताया।

नाबालिग लड़की ने बाद में बातचीत के क्रम में उसने पड़ोस की महिला को घटना की जानकारी दी। मुहल्ले के लोगों को पता चलने पर उसके पिता से पूछताछ की, तो उसने गोलमटोल जवाब दिया। फिर पुलिस को घटना की सूचना दी गई। नाबालिग के बयान पर नगर थाने में केस दर्ज किया गया।

नाबालिग का आरोप है कि संतोष यादव ने उसके पिता को एक लाख का लालच दिया था। इस कारण पिता उसे संतोष के पास रात में छोड़कर आया था। पुलिस के मुताबिक पीड़िता का बयान यहां संबंधित न्यायालय में कलमबद्ध करा लिया गया है।

## Bihar

### बिहार में सुबह 4 बजे महिला टीचर पर अटैक कर गोली मार दी, ससुर ने छिप कर बचाई जान

**समस्तीपुर, (एजेंसी)** बिहार में महिला शिक्षिका की गोली मार कर हत्या कर दी गई है। समस्तीपुर में इस वारदात से सनसनी फैल गई है। बताया जा रहा है कि दलसिंहसराय के खोकसा वार्ड में अपराधियों ने इस वारदात को अंजाम दिया है। सुबह 4 बजे इस पांच बदमाशों ने महिला शिक्षिका के घर के पास इस वारदात को अंजाम दिया था। घर के समीप ही महिला शिक्षिका को गोली मारी गई है। जानकारी के मुताबिक, महिला के ससुर बदमाशों को देख छिप गए थे। इसकी वजह से उनकी जान बच गई है। फिलहाल घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। अपराधियों ने इस खून-खराबे को अहले सुबह क्यों अंजाम दिया है? अभी इसकी जानकारी सामने नहीं आई है। इलाके के लोग इस घटना से दहशत में है। फिलहाल पुलिस अलग-अलग एंगल से मामले की जांच कर रही है।



## Paschim bangal

### कोलकाता रेप-मर्डर कांड में बड़ा खुलासा, जहां मिला था महिला डॉक्टर का शव, वहां नहीं मिले संघर्ष के निशान

**कोलकाता, (एजेंसी)** कोलकाता के आरजी कर अस्पताल में ट्रेनी डॉक्टर के रेप और मर्डर के मामले में नया खुलासा हुआ है. वारदात के बाद घटनास्थल की फॉरेंसिक जांच की गई थी. इस जांच की रिपोर्ट सीबीआई को सौंपी गई है. रिपोर्ट में जो जानकारी दी गई है, वह हैरान करने वाली है. दरअसल, रिपोर्ट में कहा गया है कि अस्पताल के जिस सेमिनार हॉल में ट्रेनी डॉक्टर की लाश मिली थी, वहां स्ट्रगल के कोई निशान नहीं मिले हैं. यानी ऐसे कोई सबूत नहीं हैं कि घटनास्थल पर आरोपी और ट्रेनी डॉक्टर के बीच कोई संघर्ष हुआ है. सेंट्रल फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी (CFSL) दिल्ली के विशेषज्ञों ने 14 अगस्त को आरजी कर अस्पताल की जांच कर सैंपल एकट्ठे किए. 11 सितंबर को सीबीआई के सामने इसकी रिपोर्ट प्रस्तुत की गई. फोरेंसिक रिपोर्ट में CFSL ने कहा है कि सेमिनार हॉल में लकड़ी के स्टेज और गद्दे




के अलावा आसपास संघर्ष को कई सबूत नहीं मिले हैं. CFSL टीम में यह भी कहा गया है कि लकड़ी के मंच पर रखे गद्दे को छोड़कर, नीचे किसी भी हिस्से में या उसके आस-पास जैविक दाग (Biological Stains) नहीं पाया गया है. इसके अलावा नीली चादर वाली लकड़ी की मेज पर कोई जैविक दाग नहीं मिला. इस फोरेंसिक रिपोर्ट के बाद आरजी कर अस्पताल में ट्रेनी डॉक्टर से हुए रेप और मर्डर के मामले का रहस्य और गहरा गया है.

## खेल

# निशानेबाज शाहू ने राष्ट्रीय स्तर पर जीता पहला खिताब, रूद्रांक्ष ने विश्व रिकॉर्ड तोड़ा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। रेलवे के निशानेबाज शाहू तुषार माने ने भोपाल में 67वीं राष्ट्रीय निशानेबाजी चैंपियनशिप प्रतियोगिता (एनएससीसी) में पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में सीनियर स्तर पर अपना पहला राष्ट्रीय खिताब जीता, जबकि महाराष्ट्र के पूर्व विश्व चैंपियन रूद्रांक्ष बालासाहेब पाटिल ने सोमवार को विश्व रिकॉर्ड कायम करते हुए जूनियर वर्ग का खिताब अपने नाम किया।**

रूद्रांक्ष ने 254.9 का शानदार स्कोर बनाकर जूनियर फाइनल जीता। उन्होंने इस दौरान ओलंपिक चैंपियन चीन के शेंग लियाओ द्वारा बनाए गए सीनियर फाइनल विश्व रिकॉर्ड को 0.4 अंकों से पार किया। रेलवे के माने ने 24 निशाने के फाइनल के दौरान कभी भी 10.1 से कम का



निशाना नहीं लगाने के बावजूद बेहद मामूली अंतर से खिताब अपने नाम किया।

### शाहू ने अंत में की वापसी

कोल्हापुर के इस निशानेबाज ने धनुष श्रीकांत की आखिरी समय में की गई जोरदार वापसी को विफल कर दिया। श्रीकांत ने 252.2 अंक बटोरे और माने से सिर्फ 0.1 अंक पीछे रहे। राजस्थान के यश वर्धन ने कांस्य पदक जीता और रूद्रांक्ष ने उन्हें पीछे छोड़ते हुए चौथा स्थान प्राप्त किया। इस फाइनल में एक अन्य ओलंपियन रवि कुमार आठवें स्थान पर रहे।

**सीनियर वर्ग की निराशा को रूद्रांक्ष ने जूनियर में समाप्त किया-** पूर्व विश्व चैंपियन रूद्रांक्ष ने सीनियर फाइनल में निराशा के बाद जूनियर पुरुषों के फाइनल में शानदार प्रदर्शन किया और स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने कर्नाटक के अभिषेक शेखर को 3.5 अंकों से पीछे छोड़ते हुए स्वर्ण जीता। हरियाणा के हिमांशु ने कांस्य पदक हासिल किया। हिमांशु ने दिन में पुरुषों के व्यक्तिगत वर्ग के तीनों फाइनल्स में भाग लिया और 253.0 के स्कोर के साथ 10 मीटर एयर राइफल युवा वर्ग में स्वर्ण जीता। यह उनका दिन का दूसरा पदक था। मध्य प्रदेश के यश पांडे ने 2.2 अंक पीछे रहते हुए रजत प्राप्त किया, जबकि पश्चिम बंगाल के अभिनव साव ने कांस्य जीता।

## सिनेमा

### अल्लू अर्जुन को हैदराबाद पुलिस का समन; कांग्रेस नेता ने 'पुष्पा 2' के सीन को लेकर दर्ज कराई शिकायत



**हैदराबाद।** हैदराबाद पुलिस ने थिएटर भगदड़ मामले में 'पुष्पा 2' के अभिनेता अल्लू अर्जुन को पूछताछ के लिए बुलाया है। अभिनेता जेल में एक रात बिताने के बाद फिलहाल जमानत पर बाहर हैं। 4 दिसंबर को हैदराबाद में 'पुष्पा 2' की स्क्रीनिंग के दौरान हुई भगदड़ में एक महिला की मौत हो गई थी और उसका बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया था। पुलिस के मुताबिक, अल्लू अर्जुन को मंगलवार सुबह 11 बजे चिक्कड़पल्ली पुलिस स्टेशन आना होगा। इस बीच मामले पर चर्चा करने के लिए अभिनेता की कानूनी टीम सोमवार शाम उनके घर पहुंची थी। इस बीच तेलंगाना में कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने भी तेलुगु सुपरस्टार अल्लू अर्जुन के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने फिल्म 'पुष्पा 2: द राइज' को लेकर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। उनका आरोप है कि इस फिल्म के एक दृश्य में पुलिस बल का अपमान किया गया है। कांग्रेस के थेनमार मल्लन्ना ने मेडिपल्ली पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में फिल्म के निर्देशक सुकुमार और निर्माताओं का नाम भी शामिल है। थेनमार मल्लन्ना ने उस सीन की आलोचना की है, जिसमें अभिनेता उस वक्त स्विमिंग पूल में पेशाब करता है, जब एक पुलिस अधिकारी उस पूल में ही मौजूद रहता है।

## Highlights

1. Farmer places onion garland on Minister in Maha over price drop
2. Fire breaks out at singer Shaan's residential building in Mumbai at 2 am, 1 woman injured
3. I will hold you responsible: LG to Kejriwal over Yamuna pollution
4. TN to continue with 'no detention policy' upto class 8: Minister
5. 'Santa' doesn't make it religious: Book club as K'taka official calls their event 'religious'

# Xiaomi holds Internet Partner Conference; top developers, advertisers attend



**NEW DEIHI, (Agency).** The Xiaomi Internet Partner Conference was held in the national capital on December 16. During the event, top developers, advertisers, and industry leaders from the digital ecosystem gathered to explore opportunities for shopping a sustainable and open ecosystem.

Nitesh Trivedi, head of internet business (partnerships and monetisation) for India and South Asia, Xiaomi, emphasised how the company's India ecosystem "powered by its expansive device network and HyperOS platform, delivers seamless connectivity across devices and user scenarios. Platforms and services such as GetApps, Mi Ads, and PatchWall create innovative opportunities for business growth through modular services, precision-driven advertising, and content-centered ad solutions, all aimed at enhancing user engagement and driving partner success."

"India is one of the fastest-growing digital economies in the world, with over 900 million active internet users. Our commitment to the region extends beyond devices to creating a thriving ecosystem for apps, services, and content," Trivedi said.

"Through our commitment and the 'Grow with Xiaomi' strategy, we have developed a sustainable open digital ecosystem that ensures mutual benefits for both partners and users," he added.

Xiaomi's GetApps platform- Xiaomi's GetApps platform enables developers to access a curated app store ecosystem with powerful monetization features.

# 'उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम' से दी स्व-उद्यमी बनने की सलाह

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। ऑक्सफ़ोर्ड इंटरनेशनल कॉलेज इंदौर में एमएसएमई (डी.एफ.ओ.) इंदौर द्वारा 'उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम' आयोजित किया गया। इसमें विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को उद्यमिता विकास के गुर सिखाए गए। उक्त कार्यक्रम में 120 से अधिक विद्यार्थियों की सहभागिता रही।**

संस्था के समूह निदेशक डॉ. पुनीत कुमार द्विवेदी ने बताया कि कार्यक्रम में अतिथि दिलीप देव (संस्थापक-एड.डी वायर, इंदौर), एस.एस. मंडलोई (महाप्रबंधक- डी.टी.आई.सी. इंदौर), सुनील ढाका (लीड बैंक मैनेजर-बैंक ऑफ इंडिया), गौरव गोयल (सहायक निदेशक-एमएसएमई- डी.एफ.ओ इंदौर), आदित्य एस.जी. व्यास (सी.ई.ओ.-दृष्टि सीपीएस फ़ाऊंडेशन, आईआईटी इंदौर), पंकज व्यास (निदेशक बीजा ट्रेनिंग, इंदौर), रजनीश शर्मा (संस्थापक-ग्लोबल ट्रेड हाऊस, इंदौर) रहे।




2 सत्र में आयोजित इस कार्यक्रम में उद्घाटन सत्र में निदेशक डॉ. द्विवेदी द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। उद्यमिता विकास की अवधारणा को सदन के समक्ष रखते हुए डॉ. द्विवेदी ने बताया कि स्वावलंबी भारत अभियान की सफलता हेतु सभी को आत्मनिर्भर बनने हेतु उद्यमिता से जुड़ना चाहिए। मैनेजर श्री ढाका ने शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। वरिष्ठ उद्यमी श्री देव ने विद्यार्थियों को उद्यमिता विकास के क्षेत्र में स्वयं की यात्रा के बारे में जानकारी दी। आदित्य व्यास ने स्टार्ट-अप्स के क्षेत्र में विद्यार्थियों के लिए विभिन्न अवसरों की जानकारी दी।

कार्यक्रम के दूसरे चरण में तकनीकी सत्र में अतिथियों ने उद्यमिता विकास के क्षेत्र में अपनी यात्रा से विद्यार्थियों को अवगत कराया एवं स्वयं का उद्यम प्रारंभ करने की सलाह दी।

संस्था के अध्यक्ष एडवोकेट अक्षांशु तिवारी ने उक्त आयोजन की प्रशंसा की।

कार्यक्रम का संचालन इंस्टीट्यूट इनंनोवेशन काउंसिल की संयोजिका दीक्षा विश्वकर्मा ने किया। प्राचार्य डॉ. प्रिया जैन ने आभार व्यक्त किया।

# प्रभात फेरी में हथियार लेकर आए तीन चाकूबाज पकड़े

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

इंदौर। **पश्चिम क्षेत्र में सोमवार को निकली रणजीत हनुमान बाबा की प्रभात फेरी में हथियार लेकर आए तीन चाकूबाज, 1 चेन लुटेरा और हाथ में पहने जाने वाले नुकीले कड़े बेचने वाले को गिरफ्तार किया है। शर्ट में हथियार छिपाकर लाए बदमाश को डीसीपी जोन-4 ऋषिकेश मीना ने चेकिंग कर पकड़ा। तीनों मामले अन्नपूर्णा थाने में भेजे गए।**

डीसीपी मीना ने बताया कि 18 घंटे तक सवा चार किमी के फेरी मार्ग को सर्चिंग पर रखा था। सुबह 6 बजे रैली मंदिर परिसर से महू नाका की ओर बढ़ रही थी, 10 जवान संदेही लोगों पर नजर रख स्वर्ण रथ के आसपास चल रहे थे। इसी दौरान एक बदमाश पर नजर पड़ी तो उसे दबोच लिया, उसकी शर्ट में चाकू मिला। आरोपी का नाम मनोज (37) निवासी नंदन नगर है।

लेकिन शाम को 8 मोबाइल चोरी हुए : सोमवार सुबह बाबा की फेरी के समय तो पुलिस ने खूब सक्रियता दिखाकर वाहवाही लूटना चाही, लेकिन शाम को रणजीत हनुमान मंदिर में दर्शनार्थियों का हुजूम पहुंचा तब मंदिर क्षेत्र में और आसपास कोई पुलिस वाला जिम्मेदारी निभाने नहीं पहुंचा। यहां सुरक्षा व्यवस्था न होने के कारण भीड़ में बदमाशों ने 8 लोगों के मोबाइल चुरा लिए। पीड़ित लोग सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस को कोसते रहे। मंदिर के सुरक्षा गार्ड्स ने भी पीड़ितों की नहीं सुनी। कुछ लोग परेशान होकर थाने पहुंचे तो पुलिस ने आवेदन लेकर उन्हें चलता कर दिया।

### महिला के गले से चेन काटते हुए रंगे हाथ पकड़ा पुलिस ने

प्रभात फेरी जब महू नाका पर पहुंची तो भीड़ में एक महिला के गले से सोने की चेन काट रहे बदमाश मुकेश गायकवाड़ को डीसीपी के साथ चल रहे जवानों ने रंगे हाथ पकड़ लिया। तलाशी में उसके कब्जे से 2 चेन जब्त हुई। रिकॉर्ड चेक किया तो आरोपी चेन लुटेरा निकला। इसका अन्य थानों से भी रिकॉर्ड मंगवाया जा रहा है।

इसी के साथ महेश गायकवाड़ निवासी पुणे को भी चाकू के साथ पकड़ा। वहीं, नुकीले व खतरनाक कड़े बेचने वाले युवक को भी गिरफ्तार कर उससे काफी मात्रा में कड़े जब्त किए गए। रैली में करीब आधा दर्जन संदेही बदमाशों के खिलाफ कार्रवाई की गई।

एडिशनल डीसीपी के गनमैन ने भी पकड़ा चाकू : इधर, दशहरा मैदान पर तैनात एडिशनल डीसीपी आलोक शर्मा के गनमैन हेमंत और डीसीसी कार्यालय में पदस्थ कांस्टेबल अमन ने भी खंजर लेकर आए यश पालीवाल को पकड़ा। वह खुद को आरएसएस का होना बताकर दबाव बनाने लगा। बाद में अफसरों ने तस्दीक कर उसे छोड़ दिया।

## 22 वर्षीय युवती ने दोस्ती का दबाव बनाने वाले युवक के खिलाफ दर्ज कराया केस

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर**। विजय नगर इलाके में एक 22 वर्षीय युवती ने निजी कंपनी में काम करने वाले आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कराया। युवती का आरोप है कि आरोपी युवक, जो पहले उसकी सहकर्मी था, लगातार उसका पीछा कर दोस्ती बनाने का दबाव बना रहा था।

पुलिस ने युवती की शिकायत पर आरोपी आयान खान के खिलाफ छेड़छाड़, पीछा करने और धमकाने का मामला दर्ज किया। युवती ने बताया कि 2021 में एक कंपनी में काम करते हुए आयान ने उसका नंबर लिया और बात करने की कोशिश की। जब वह महसूस करने लगी कि वह कुछ गलत चाहता है, तो उसने बातचीत बंद कर दी। इसके बाद, आयान ने उसे परेशान करना जारी रखा और जब उसने दूसरी नौकरी की तलाश की, तब भी वह पीछा करता रहा। 21 दिसंबर को जब युवती ऑफिस से घर लौट रही थी, तब आरोपी ने रास्ते में उसे रोका और हाथ पकड़कर बात करने की कोशिश की। डर के कारण युवती ने अपने परिवार को घटना बताई, जिन्होंने हिंदू जागरण मंच के मानसिंह परमार से मदद ली। इसके बाद, आरोपी को पकड़कर पुलिस के हवाले किया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ गंभीर धाराओं में कार्रवाई की।

### रणजीत बाबा की प्रभातफेरी में पंडित योगेंद्र महंत ने भी लगाई हाजरी



**इंदौर।** विश्व की सबसे बड़ी प्रभातफेरी सोमवार सुबह रणजीत बाबा के दरबार से प्रारंभ होकर महूनाका,अन्नपूर्णा मंदिर,नरेंद्र तिवारी मार्ग होते हुए वापिस मंदिर पर ही समाप्त हुई जिसमें बैंडबाजों के साथ आकर्षक झांकियों के साथ भजन मंडलियों ने भी अपनी स्वरलहरियों से सभी भक्तों को खूब झुमाया।इस विशाल प्रभातफेरी में पूर्व राज्यमंत्री पंडित योगेंद्र महंत ने भी अपनी उपस्थिति लगाई उनका स्वागत मंदिर के प्रमुख दीपेश व्यास व साथियों ने किया।इस प्रभातफेरी में संस्था 'आदित्य' के सचिन नीमा व उनकी टीम द्वारा भी भक्तों का स्वागत किया गया।

### छात्रा ने किया सुसाइड

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, इंदौर**। इंदौर के भंवरकुआ इलाके में एक छात्रा ने सुसाइड कर लिया। पुलिस के अनुसार, वर्षा (22) नाम की छात्रा जो मूल रूप से अलीराजपुर की रहने वाली थी, ने अपने कमरे में सुसाइड किया। वह यहां पर बीएससी की पढ़ाई कर रही थी और एक निजी कंपनी में जॉब भी कर रही थी। बताया जाता है कि सोमवार को वर्षा ने किसी का कॉल नहीं उठाया, जिसके बाद घटना की जानकारी मिली। पुलिस ने शव को जिला अस्पताल भेज दिया है और मामले की जांच की जा रही है। पुलिस के मुताबिक, सुसाइड नोट और अन्य कारणों की जांच की जा रही है।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9111156060 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक